# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| The Savera Times | 06.09.2024 | --- | -- |

# Students should work hard to achieve their goals: Prof. BR Kamboj

@Thesaveratimes
Network

**Hisar:** An orientation program was organized for the new students admitted in the academic session 2024-25 at Indira Chakravarti Community Science College of Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University. In this program, the Vice Chancellor of the University, Prof. B.R. Kamboj was present as the chief guest. Vice Chancellor Prof. B.R. Kamboj said that along with academic facilities, the girl students should also participate in sports and cultural programs. The girl students should set their goals and work hard by staying in discipline. He said that the girl students should focus on personality development along with knowledge to build their career because education develops knowledge. Personality development is very important to demonstrate this knowledge. Students should always be ready to contribute to the new construction of society and nation. He said that unwavering commitment to excellence in education is the foundation of our success.



Dean of the college and others presenting a plant to Vice Chancellor Prof. B.R. Kamboj

With your enthusiasm, the college will always be this journey of discovery, determination and purpose, ready to take you forward in development and achievement. The Vice Chancellor, while wishing the new students, said that they are very fortunate that they have got the opportunity to study in this world famous university. World class facilities are available here, which they should take advantage of and achieve their goals. The Dean of the University, Dr. Bina Yadav, while welcoming the new students present in the program, elaborated on the educational activities of the college and the facilities being made available to the students. She also called upon the students to follow discipline along with moral values. In the program, teachers and new students were also introduced. At the end of the program, Dr. Jyoti Sihag thanked everyone. The stage was conducted by Mehak Kaushik and Simran. The Head of the Department of the above college, Dr. Kiran Singh, Dr. Neelam Rose and Dr. Beenu Sangwan gave detailed information about their respective departments. On this occasion, the Deans, Directors, Officers, Heads of Departments, Educationists, Researchers and Employees of various colleges of the University were present.

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक भास्कर | 6-9-24 | 5 | 6 |

## एचएयू में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

हिसार| एचएयू के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में दाखिला पाने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि छात्राओं को शैक्षणिक सुविधाओं के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए। छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन में रहकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हमारी सफलता की आधारशिला है। विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने नवागंतुक विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों व सुविधाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. ज्योति सिहाग, डॉ. किरण, डॉ. नीलम, डॉ. बीनू सांगवान आदि मौजूद थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 6. 9.24 | 4 | 3-4 |

# विद्यार्थी अनुशासन में रहकर लक्ष्य प्राप्ति के लिए करें मेहनत : कुलपति




कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज को पौधा प्रदान करती अधिष्ठाता डा. बीना व अन्य • विज्ञप्ति।

जागरण संवाददाता • हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में दाखिला पाने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज रहे।

कुलपति ने कहा कि छात्राओं को शैक्षणिक सुविधाओं के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए। छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन में रहकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपने करियर के निर्माण के लिए ज्ञान के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देना चाहिए क्योंकि शिक्षा से ज्ञान का विकास होता है। इस ज्ञान को प्रदर्शित करने के लिए व्यक्तित्व विकास बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता डा. बीना यादव ने नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों व विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय की विभागाध्यक्ष डा. किरण सिंह, डा. नीलम रोज व डा. बीनू सांगवान आदि मौजूद थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 6-9-24 | 11 | 2-6 |

एचएयू के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ आयोजित

# शैक्षणिक सुविधाओं के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लें छात्राएं

**छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन में रहकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए**

हरिभूमि न्यूज >> हिसार



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में दाखिला पाने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने गुरुवार को आयोजित इस कार्यक्रम में कहा कि छात्राओं को शैक्षणिक सुविधाओं के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए। छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन में रहकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपने करियर के निर्माण के लिए ज्ञान के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देना चाहिए क्योंकि शिक्षा से ज्ञान का विकास होता है। इस ज्ञान को प्रदर्शित करने के लिए व्यक्तित्व विकास बहुत जरूरी है।

विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों व विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. ज्योति सिहाग ने सभी का धन्यवाद किया। मंच का संचालन महक कौशिक व सिमरन ने किया। उपरोक्त महाविद्यालय की विभागाध्यक्ष डॉ. किरण सिंह, डॉ. नीलम रोज व डॉ. बीनू सांगवान ने अपने-अपने विभाग के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



हिसार। विजेता खिलाड़ियों के साथ सरपंच रामफल पूनिया, प्रिंसिपल फूलवती लांबा व अन्य। फोटो:हरिभूमि

## हैंडबॉल विजेता खिलाड़ियों को लाडवा पंचायत ने किया सम्मानित

हिसार। कैथल में शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 57 वीं राज्य स्तरीय स्कूली खेल कूद हैंडबॉल प्रतियोगिता लड़के अंडर -14, अंडर -17, अंडर-19 आयुवर्ग में हिसार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 गोल्ड मेडल, अंडर-17सिल्वर मैडल, अंडर-19 बॉन्ज मेडल जीता। विद्यालय शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता परमेंद्र मलिक ने बताया प्रतियोगिता में अंडर 14 में विद्यालय टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया,अंडर 17 में दूसरा व अंडर 19 के खिलाडीयो ने कांस्य पदक हासिल किया। इन सभी खिलाड़ियों को स्कूल पहुंचने ग्राम पंचायत लाडवा द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि लड़कियों के राज्य स्तरीय हैंडबॉल मुकाबले 6 से 8 सितम्बर तक महावीर स्टेडियम में होंगे। इस उपलब्धि पर सरपंच रामफल पूनिया, स्कूल प्राचार्या फूलवती लांबा, प्रवक्ता मधु, पूर्व साई हैंडबॉल कोच स्वरूप सिंह चहल, महावीर पूनिया, सतपाल ढांडा, संजीव आर्य, लाडवा हैंडबॉल फाउंडेशन प्रधान प्रदीप लांबा ने बधाई दी है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 6.9.24 | 5 | 5-6 |

## विद्यार्थी अनुशासन में रहकर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए करें कड़ी मेहनत : प्रो. काम्बोज



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।*

### एचएयू के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ आयोजित

हिसार, 5 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में दाखिला पाने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि छात्राओं को शैक्षणिक सुविधाओं के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए। छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन में रहकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपने करियर के निर्माण के लिए ज्ञान के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देना चाहिए क्योंकि शिक्षा से ज्ञान का विकास होता है। इस ज्ञान को प्रदर्शित करने के लिए व्यक्तित्व विकास बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों व विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंच का संचालन महक कौशिक व सिमरन ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 6.9.24 | 5 | 1-3 |

## विद्यार्थी अनुशासन में रहकर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए करें कड़ी मेहनत : प्रो. काम्बोज




कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज को पौधा प्रदान करते हुए महाविद्यालय की अधिष्ठाता व अन्य।

### ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

हिसार, 5 सितम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में दाखिला पाने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि छात्राओं को शैक्षणिक सुविधाओं के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए। छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन में रहकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपने करियर के निर्माण के लिए ज्ञान के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देना चाहिए क्योंकि शिक्षा से ज्ञान का विकास होता है। विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र के नवं निर्माण में योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

कुलपति ने नवागंतुक छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह बहुत भाग्यशाली हैं कि उन्हें इस विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है। यहां पर विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनका लाभ उठाकर उन्हें अपना लक्ष्य हासिल करना चाहिए। विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों व विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. ज्योति सिहाग ने सभी का धन्यवाद किया। मंच का संचालन महक कौशिक व सिमरन ने किया। उपरोक्त महाविद्यालय की विभागाध्यक्ष डॉ. किरण सिंह, डॉ. नीलम रोज व डॉ. बीनू सांगवान ने अपने-अपने विभाग के बारे में विस्तृत जानकारी दी इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष, शिक्षाविद्, शोधार्थी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 05.09.2024 | --- | -- |


# परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें सेवानिवृत कर्मचारी : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## एचएयू में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह आयोजित

-पाठकपक्ष न्यूज-



**हिसार, 5 सितम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने गत मार्च व अप्रैल माह के दौरान 35 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि कर्मचारियों द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों की बदौलत विश्वविद्यालय निरंतर महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित कर रहा है। यह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों का आभारी रहेगा। आपके द्वारा दिए गए योगदान का ऋण उतारा नहीं जा सकता। उन्होंने सेवानिवृत कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। प्रो. काम्बोज ने अधिकारियों से कहा कि जब कभी भी सेवानिवृत कर्मचारी विश्वविद्यालय में आए तो उन्हे उचित मान-सम्मान दिया जाए। उन्होंने कर्मचारियों से विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने तथा भावी पीढ़ी से अपने अनुभव साझा करने का आह्वान किया ताकि वे भी उनकी भान्ति सहनशीलता के साथ कार्य निष्पादन कर सकें। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं। उन्होंने कर्मचारियों को मिलने वाले सभी सेवानिवृति लाभों की विस्तार से जानकारी दी। रजिस्ट्रार डॉ. पवन कुमार ने सेवानिवृत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की। विश्वविद्यालय से गत दो माह में कुल चार वैज्ञानिक तथा 31 गैर शिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. जीत राम शर्मा, डॉ. ओम प्रकाश, डॉ. दिलबाग सिंह अहलावत व डॉ. बिक्रम सिंह है, जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में नरेश कुमार गिरोह, सुरेन्द्र मोहन, आशा रानी, कश्मीरी लाल, रणबीर सिंह, बालम सिंह, जगदीश प्रसाद, हुकम सिंह, राज कुमार, लक्ष्मी दत्त, विमला देवी, सत्यवान, ओम प्रकाश, तारावती, प्रवीन कुमार, वेद प्रकाश, किरण बाला, कृष्णा कुमारी, जयबीर सिंह, शकुन्तला, राम गोपाल, कालु राम, सत्यवीर सिंह, सुरेश कुमार, सुबेदार साही, वेद प्रकाश, श्याम सुन्दर, अजीत सिंह, सुल्तान सिंह, मूल चंद व राम कुमार शामिल है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पल पल न्यूज | 05.09.2024 | --- | -- |


# विद्यार्थी अनुशासन में रहकर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए करें कड़ी मेहनतः प्रो. काम्बोज

**पल पल न्यूजः हिसार, 5 सितम्बर।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में दाखिला पाने वाले नवागंतुक विद्या र्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि छात्राओं को शैक्षणिक सुविधाओं के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए। छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन में रहकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपने करियर के निर्माण के लिए ज्ञान के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देना चाहिए क्योंकि शिक्षा से ज्ञान का विकास होता है। इस ज्ञान को प्रदर्शित करने के लिए व्यक्तित्व विकास बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हमारी सफलता की आधारशिला है। आपका उत्साह, दृढ़ संकल्प और उद्देश्य के साथ खोज, विकास और उपलब्धि की इस यात्रा में महाविद्यालय सदैव आपको आगे बढ़ाने के लिए तत्पर रहेगा। कुलपति ने नवागंतुक छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह बहुत भाग्यशाली हैं कि उन्हें इस विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है। यहां पर विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनका लाभ उठाकर उन्हें अपना लक्ष्य हासिल करना चाहिए। विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों व विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से नैतिक मूल्यों के साथ- साथ अनुशासन का पालन करने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं नवागंतुक विद्यार्थियों का परिचय भी करवाया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. ज्योति सिहाग ने सभी का धन्यवाद किया। मंच का संचालन महक कौशिक व सिमरन ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 05.09.2024 | --- | -- |

# विद्यार्थी अनुशासन में रहकर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए करें कड़ी मेहनत : प्रो. काम्बोज

पांच बजे न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में दाखिला पाने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि छात्राओं को शैक्षणिक सुविधाओं के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए। छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन में रहकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपने करियर के निर्माण के लिए ज्ञान के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देना चाहिए क्योंकि शिक्षा से ज्ञान का विकास होता है। इस ज्ञान को प्रदर्शित करने के लिए व्यक्तित्व विकास बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हमारी सफलता की आधारशिला है। आपका उत्साह, दृढ़ संकल्प और उद्देश्य के साथ खोज, विकास और उपलब्धि की इस यात्रा में महाविद्यालय सदैव आपको आगे बढ़ाने के लिए तत्पर रहेगा। कुलपति ने नवागंतुक छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह बहुत भाग्यशाली हैं कि उन्हें इस विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है। यहां पर विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध है, जिनका लाभ उठाकर उन्हें अपना लक्ष्य हासिल करना चाहिए।




विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों व विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से नैतिक मूल्यों के साथ-साथ अनुशासन का पालन करने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं नवागंतुक विद्यार्थियों का परिचय भी करवाया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. ज्योति सिहाग ने सभी का धन्यवाद किया। मंच का संचालन महक कौशिक व सिमरन ने किया। उपरोक्त महाविद्यालय की विभागाध्यक्ष डॉ. किरण सिंह, डॉ. नीलम रोज व डॉ. बीनू सांगवान ने अपने-अपने विभाग के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष, शिक्षाविद्, शोधार्थी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 05.09.2024 | --- | -- |

# विद्यार्थी अनुशासन में रहकर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए करें कड़ी मेहनत : प्रो. बीआर काम्बोज

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में दाखिला पाने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज को पौधा प्रदान करती महाविद्यालय की अधिष्ठाता व अन्य

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि छात्राओं को शैक्षणिक सुविधाओं के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए। छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन में रहकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपने करियर के निर्माण के लिए ज्ञान के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देना चाहिए क्योंकि शिक्षा से ज्ञान का विकास होता है। इस ज्ञान को प्रदर्शित करने के लिए व्यक्तित्व विकास बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।


विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों व विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से नैतिक मूल्यों के साथ-साथ अनुशासन का पालन करने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं नवागंतुक विद्यार्थियों का परिचय भी करवाया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. ज्योति सिहाग ने सभी का धन्यवाद किया। मंच का संचालन महक कौशिक व सिमरन ने किया। उपरोक्त महाविद्यालय की विभागाध्यक्ष डॉ. किरण सिंह, डॉ. नीलम रोज व डॉ. बीनू सांगवान ने अपने-अपने विभाग के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 06.09.2024 | --- | -- |


# विद्यार्थी अनुशासन में रहकर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए करें कड़ी मेहनत : प्रो. बी.आर. काम्बोज

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में दाखिला पाने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि छात्राओं को शैक्षणिक सुविधाओं के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए। छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन में रहकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपने करियर के निर्माण के लिए ज्ञान के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देना चाहिए क्योंकि



शिक्षा से ज्ञान का विकास होता है। इस ज्ञान को प्रदर्शित करने के लिए व्यक्तित्व विकास बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हमारी सफलता की आधारशिला है। आपका उत्साह, दृढ़ संकल्प और उद्देश्य के साथ खोज, विकास और उपलब्धि की इस यात्रा में महाविद्यालय सदैव आपको आगे बढ़ाने के लिए तत्पर रहेगा। कुलपति ने नवागंतुक छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह बहुत भाग्यशाली हैं कि उन्हें इस विश्व प्रसिद्ध

**एचएयू के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ आयोजित**

विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है। यहां पर विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनका लाभ उठाकर उन्हें अपना लक्ष्य हासिल करना चाहिए। विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों व विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।